सेंट एंड्रयूज़ सीनियर सेकेंडरी स्कॉट्स स्कूल

9वीं एवेन्यू आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा: चार विषय :हिंदी पाठ १: इतने अच्छे बनो (कविता)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न१) नभ में कीर्ति पताका फहराने से कवि का क्या आशय है ?

उत्तर नभ में कीर्ति पताका फहराने से कवि का मतलब है, संसार में अपना नाम रोशन करना ।

प्रश्न२) सारा जग कब थर्राने लगता है ?

उत्तर आँधी आने पर सारा जग थर्राने लगता है ।

प्रश्न ३) हमारा मन कैसा होना चाहिए?

उत्तर हमारा मन नीले अंबर की तरह विशाल होना चाहिए ।

प्रश्न ४) धरती का क्या गुण है ?

उत्तर धरती हमें सब कुछ देती है, बदले में हमसे कुछ नहीं माँगती ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

क) नभ - आकाश

नभ में चमकते तारे रात की सुंदरता को और बढ़ा देते हैं ।

ख) हिमगिरि -हिमालय

भारत के उत्तर में स्थित हिमगिरि देश का प्रहरी बनकर हमारी रक्षा करता है ।

ग) गति - चाल

कछुआ बहुत धीमी गति से चलता है ।

घ) सुरीली - कानों को अच्छी लगने वाली ध्वनि

कोयल की आवाज़ बहुत सुरीली होती है ।